Download UPSC IAS Mains 2013 Exam Question Paper

General Studies (Paper - I)

"Indian Heritage and Culture, History and Geography of the World and Society"

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

A–BRL–M–HTUA

सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

कुल **पचीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, यदि उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

GENERAL STUDIES (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are TWENTY-FIVE questions printed both in HINDI and in ENGLISH.

All questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, if specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

प्रश्नों के उत्तर बन्धनी में विनिर्दिष्ट शब्द सीमा से **ज्यादा न हों**। उत्तर की विषय-वस्तु शब्द सीमा से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

Answer questions in NOT MORE than the word limit specified for each in the parenthesis. Content of the answer is more important than its length.

1. दक्षिण भारत के राजनैतिक इतिहास की दृष्टि से अधिक उपयोगी न होते हुए भी संगम साहित्य उस समय की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का अत्यंत प्रभावी शैली में वर्णन करता है। टिप्पणी कीजिए। (*200* शब्द)
Though not very useful from the point of view of a connected political history of South India, the Sangam literature portrays the social and economic conditions of its time with remarkable vividness. Comment. (*200* words) 10

2. *(a)* आरम्भिक भारतीय शिलालेखों में अंकित 'ताण्डव' नृत्य की विवेचना कीजिए। (*100* शब्द)
Discuss the 'Tandava' dance as recorded in early Indian inscriptions. (*100* words) 5

(b) मन्दिर वास्तुकला के विकास में चोल वास्तुकला का उच्च स्थान है। विवेचना कीजिए। (*100* शब्द)
Chola architecture represents a high watermark in the evolution of temple architecture. Discuss. (*100* words) 5

3. आयु, लिंग तथा धर्म के बंधनों से मुक्त होकर, भारतीय महिलाएँ भारत के स्वाधीनता संग्राम में अग्रणी बनी रहीं। विवेचना कीजिए। (*200* शब्द)
Defying the barriers of age, gender and religion, the Indian women became the torch-bearer during the struggle for freedom in India. Discuss. (*200* words) 10

4. अनेक विदेशियों ने भारत में बसकर, विभिन्न आन्दोलनों में भाग लिया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनकी भूमिका का विश्लेषण कीजिए। (*200* शब्द)
Several foreigners made India their homeland and participated in various movements. Analyze their role in the Indian struggle for freedom. (*200* words) 10

5. "अनेक प्रकार से लॉर्ड डलहौज़ी ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी।" व्याख्या कीजिए। (*200* शब्द)
"In many ways, Lord Dalhousie was the founder of modern India." Elaborate. (*200* words) 10

6. आचार्य विनोबा भावे के भूदान व ग्रामदान आन्दोलनों के उद्देश्यों की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए और उनकी सफलता का आकलन कीजिए। (*200* शब्द)
Critically discuss the objectives of Bhoodan and Gramdan Movements initiated by Acharya Vinoba Bhave and their success. (*200* words) 10

7. 'जय जवान जय किसान' नारे के उद्‌भव और महत्ता पर एक समालोचनात्मक लेख लिखिए। (*200* शब्द)
Write a critical note on the evolution and significance of the slogan, 'Jai Jawan Jai Kisan'. (*200* words) 10

8. स्वतंत्रता-पूर्व व स्वतंत्रता उपरांत भारत में मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के योगदानों की विवेचना कीजिए। (*200* शब्द)
Discuss the contributions of Maulana Abul Kalam Azad to pre- and post-independent India. (*200* words) 10

9. उन परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए जिनके कारण वर्ष 1966 में ताशकंद समझौता हुआ। समझौते की विशिष्टताओं की विवेचना कीजिए। (*200* शब्द)
Analyze the circumstances that led to the Tashkent Agreement in 1966. Discuss the highlights of the Agreement. (*200* words) 10

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

10. उन परिस्थितियों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए जिनके कारण भारत को बांग्लादेश के उदय में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करना पड़ा। (*200* शब्द)
Critically examine the compulsions which prompted India to play a decisive role in the emergence of Bangladesh. (*200* words) 10

11. "विलम्ब से होने वाले जापानी औद्योगिक क्रान्ति में कुछ ऐसे कारक भी थे जो पश्चिमी देशों के अनुभवों से बिल्कुल भिन्न थे।" विश्लेषण कीजिए। (*200* शब्द)
"'Latecomer' Industrial Revolution in Japan involved certain factors that were markedly different from what West had experienced." Analyze. (*200* words) 10

12. "यूरोपीय प्रतिस्पर्धा की दुर्घटनाओं द्वारा अफ्रीका को कृत्रिम रूप से निर्मित छोटे-छोटे राज्यों में काट दिया गया।" विश्लेषण कीजिए। (*200* शब्द)
"Africa was chopped into States artificially created by accidents of European competition." Analyze. (*200* words) 10

13. "अमरीकी क्रान्ति, वणिकवाद के विरुद्ध एक आर्थिक विद्रोह था।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। (*200* शब्द)
"American Revolution was an economic revolt against mercantilism." Substantiate. (*200* words) 10

14. आर्थिक महामंदी से निबटने के लिए किन नीतिगत साधनों का प्रयोग किया गया था? (*200* शब्द)
What policy instruments were deployed to contain the Great Economic Depression? (*200* words) 10

15. भारत में तीव्र शहरीकरण प्रक्रिया ने जिन विभिन्न सामाजिक समस्याओं को जन्म दिया, उनकी विवेचना कीजिए। (*200* शब्द)
Discuss the various social problems which originated out of the speedy process of urbanization in India. (*200* words) 10

16. "महिला संगठनों को लिंग-भेद से मुक्त करने के लिए पुरुषों की सदस्यता को बढ़ावा मिलना चाहिए।" टिप्पणी कीजिए। (*200* शब्द)
"Male membership needs to be encouraged in order to make women's organization free from gender bias." Comment. (*200* words) 10

17. भारत में वृद्ध जनसमूह पर वैश्वीकरण के प्रभाव का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए। (*200* शब्द)
Critically examine the effect of globalization on the aged population in India. (*200* words) 10

18. प्रादेशिकता की बढ़ती हुई भावना, पृथक् राज्य की माँग का प्रमुख कारण है। विवेचना कीजिए। (*200* शब्द)
Growing feeling of regionalism is an important factor in generation of demand for a separate State. Discuss. (*200* words) 10

19. *(a)* 'महाद्वीपीय विस्थापन' के सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं? इसके पक्ष में प्रमुख साक्ष्यों की विवेचना कीजिए। (*100* शब्द)
What do you understand by the theory of 'continental drift'? Discuss the prominent evidences in its support. (*100* words) 5

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

(b) भारत के पूर्वी तट पर हाल ही में आए चक्रवात को 'फाइलिन' (Phailin) कहा गया। संसार में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को कैसे नाम दिया जाता है? विस्तार से बताइए। (*100* शब्द)
The recent cyclone on east coast of India was called 'Phailin'. How are the tropical cyclones named across the world? Elaborate. (*100* words) 5

20. (a) संसार के शहरी निवास-स्थानों में ताप-द्वीपों के बनने के कारण बताइए। (*100* शब्द)
Bring out the causes for the formation of heat islands in the urban habitat of the world. (*100* words) 5

(b) मौसम-विज्ञान में 'तापमान व्युत्क्रम' की घटना से आप क्या समझते हैं? उस स्थान के मौसम तथा निवासियों को यह कैसे प्रभावित करता है? (*100* शब्द)
What do you understand by the phenomenon of 'temperature inversion' in meteorology? How does it affect weather and the habitants of the place? (*100* words) 5

21. उत्तरी गोलार्ध में मुख्य गर्म मरुभूमि 20–30 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर और महाद्वीपों के पश्चिम की ओर स्थित हैं। क्यों? (*200* शब्द)
Major hot deserts in northern hemisphere are located between 20–30 deg N latitudes and on the western side of the continents. Why? (*200* words) 10

22. (a) पश्चिमी घाट की तुलना में हिमालय में भूस्खलन की घटनाओं के प्रायः होते रहने के कारण बताइए। (*100* शब्द)
Bring out the causes for more frequent occurrence of landslides in the Himalayas than in the Western Ghats. (*100* words) 5

(b) पश्चिमी घाट की नदियाँ डेल्टा नहीं बनातीं। क्यों? (*100* शब्द)
There is no formation of deltas by rivers of the Western Ghats. Why? (*100* words) 5

23. (a) क्या आप इस बात से सहमत हैं कि भारत के दक्षिणी राज्यों में नई चीनी मिलें खोलने की प्रवृत्ति बढ़ रही है? न्यायसंगत विवेचन कीजिए। (*100* शब्द)
Do you agree that there is a growing trend of opening new sugar mills in southern States of India? Discuss with justification. (*100* words) 5

(b) भारत में अति-विकेन्द्रीकृत सूती-कपड़ा उद्योग की स्थापना में कारकों का विश्लेषण कीजिए। (*100* शब्द)
Analyze the factors for the highly decentralized cotton textile industry in India. (*100* words) 5

24. जीवाश्मी इंधन की बढ़ती हुई कमी के कारण भारत में परमाणु ऊर्जा का महत्त्व अधिकाधिक बढ़ रहा है। परमाणु ऊर्जा बनाने के लिए आवश्यक कच्चे माल की भारत व संसार में उपलब्धता की विवेचना कीजिए। (*200* शब्द)
With growing scarcity of fossil fuels, the atomic energy is gaining more and more significance in India. Discuss the availability of raw material required for the generation of atomic energy in India and in the world. (*200* words) 10

25. यह कहा जाता है कि भारत में देश की 25 वर्ष की आवश्यकता-पूर्ति के लिए शिला-तेल और गैस का पर्याप्त भण्डार है। तथापि, कार्यसूची में सम्पत्ति की निकासी उच्च स्थान पर नज़र नहीं आती। इसकी प्राप्यता तथा आवेष्टित समस्याओं की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए। (*200* शब्द)
It is said that India has substantial reserves of shale oil and gas, which can feed the needs of the country for quarter century. However, tapping of the resource does not appear to be high on the agenda. Discuss critically the availability and issues involved. (*200* words) 10

★★★

Subscribe Dhyeya IAS Email Newsletter
(ध्येय IAS ई-मेल न्यूजलेटर सब्स्क्राइब करें)

जो विद्यार्थी ध्येय IAS के व्हाट्सएप ग्रुप (Whatsapp Group) से जुड़े हुये हैं और उनको दैनिक अध्ययन सामग्री प्राप्त होने में समस्या हो रही है | तो आप हमारेईमेल लिंक Subscribe कर ले इससे आपको प्रतिदिन अध्ययन सामग्री का लिंक मेल में प्राप्त होता रहेगा | **ईमेल से Subscribe करने के बाद मेल में प्राप्त लिंक को क्लिक करके पुष्टि (Verify) जरूर करें अन्यथा आपको प्रतिदिन मेल में अध्ययन सामग्री प्राप्त नहीं होगी |**

नोट (Note): अगर आपको हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में अध्ययन सामग्री प्राप्त करनी है, तो आपको दोनों में अपनी ईमेल से Subscribe करना पड़ेगा | आप दोनों माध्यम के लिए एक ही ईमेल से जुड़ सकते हैं |



ध्येय IAS
most trusted since 2003
Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400

Dhyeya IAS Now on WhatsApp

Join Dhyeya IAS Whatsapp Group by Sending

"Hi Dhyeya IAS" Message on 9355174441.

You can also join Whatsapp Group through our website

www.dhyeyaias.com
www.dhyeyaias.in

ध्येय IAS
most trusted since 2003

Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400